निबंधन और शर्तें

वरिष्ठ परामर्शदाता - एसएनए प्रभाग

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के विभिन्न प्रभागों से संबंधित सभी आईईसी क्रियाकलापों का समन्वय और निगरानी करना।
- रचनात्मक जानकारी/सूचना प्रदान करना और आईईसी उत्पादों के वितरण के लिए मीडिया की योजना सहित आईईसी की विषय-वस्तु को विकसित करने हेतु हितधारकों के साथ समन्वय करना।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के विभिन्न अभियानों के लिए, जिन संचार सामग्री को सम्मिलित किये जाने की आवश्यकता है, उन प्रमुख संदेशों को चिह्नित करना और रचनात्मक विकास का कार्य करना।
- विकास भागीदारों के आईईसी/बीसीसी क्रियाकलापों का समन्वय और समीक्षा करना।
- आवश्यकता पड़ने पर संचार योजनाओं को विकसित करना।
- मीडिया की योजनाओं और विज्ञापनों को जारी करने के लिए डीएवीपी, एनएफडीसी, डीडी, एआईआर, एलएसटीवी इत्यादि के साथ समन्वय करना।
- निम्नलिखित की रचना में समन्वय करना:
  - वार्षिक रिपोर्ट
  - ई-बुक
  - समाचार-पत्र
  - अन्य रिपोर्ट, आदि।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए फेसबुक, यू-ट्यूब, ट्विटर इत्यादि जैसे सोशल मीडिया के लिए उपयुक्त सामग्री और रचनात्मक ग्राफिक्स के विकास का समन्व्य करना।
- संचार अभियानों/सामग्री के विकास हेतु सोशल मीडिया टीम के कार्य की निगरानी और समन्व्य करना। इसमें पथ-प्रदर्शन करने के साथ-साथ रचनात्मक सामग्री का विकास/निरूपण/ग्राफिक डिजाइन और नक्शा से संबंधित पहलुओं की निगरानी करना शामिल है। आवश्यकता पड़ने पर इस क्रियाकलाप के लिए अन्य प्रभागों के साथ समन्वय करना।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सभी प्रभागों से सामग्री एकत्रित करके आईईसी संग्रह को अद्यतन करना।
- व्यापार मेलों, सुरजकुंड मेला इत्यादि जैसे प्रदर्शनियों और मेलों में आईईसी क्रियाकलापों का आयोजन करना और इनके विकास में सहायता करना।
- स्वास्थ्य संवर्धन हेतु क्षमता निर्माण में राज्यों तथा अन्य हितधारकों की सहायता करना।
- संचार अभियानों की निगरानी और मूल्यांकन करने में सहायता करना।
- माननीय मंत्रियों और मंत्रालय के मीडिया आउटरीच कार्यकलापों के लिए चीफ मीडिया की सहायता करना, जिसमें प्रेस रिलीज, पृष्ठभूमि सामग्री के प्रारूप तैयार करना, मीडिया में मंत्रालय की पहलों की अधिक स्पष्टता हेतु प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कार्मिकों से समन्वय करना, योजना प्रारंभ कार्यों, उद्घाटनों, प्रेस परस्पर कार्यों, प्रेस सम्मेलनों आदि में प्रभागों तथा मीडिया कर्मियों से समन्वय स्थापित करनाशामिल है। माननीय मंत्रियों, सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों के साक्षात्कार के लिए मीडिया द्वारा उठाए गये प्रश्नों के उत्तर भी तैयार करना, जिनके लिए प्रभागों से डेटा एकत्र करना, मिलान करना, संपादन करना तथा प्रभागों के समन्वय में उन्हें अंतिम रूप देना शामिल हैं।
- संयुक्त सचिव (एसएनए)/चीफ मीडिया द्वारा यथानिर्देशित सभी मीडिया आउटरीच और आईईसी कार्य।

पात्रता:

- किसी प्रतिष्ठित एवं मान्यता प्राप्त संस्था से जन संचार/पत्रकारिता में नियमित/पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री अथवा स्वास्थ्य संचार में कोई नियमित / पूर्णकालिक मास्टर डिग्री।
- सार्वजनिक क्षेत्र/सामाजिक विकास क्षेत्र संचार में न्यूनतम 5 वर्ष का कार्य अनुभव। राष्ट्रीय या राज्य सरकारों के साथ कार्यकरने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी।
- सामाजिक मीडिया मंच कार्यकलापों सहित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नए आईईसी कार्यकलापों से सुपरिचित हों।
- अत्यधिक मांगकारी माहौल में कार्य करने, अकादमिक, बहुपक्षीय भागीदारों से संपर्क करने की क्षमता।
- दबाव, विस्तारित घंटों और निर्धारित समय-सीमा के अंदर कार्य करने में सक्षम होना चाहिये।
- संबंधित डेटाएवं प्रलेखों की खोज के लिए एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट, एवं वेब सर्फिंग जैसे आम रूप से प्रयुक्त किए जाने वाले पैकेजों की उच्च स्तर की जानकारी सहित कम्प्यूटर में दक्षता।
- उत्कृष्ट संचार एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषित एवं अंतर-वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी तथा हिंदी में उत्कृष्ट मौखिक तथा लिखित संचार कौशल।

आयु: उच्च सीमा 40 वर्ष

पारिश्रमिक सीमा: 90,000/- से 1,50,000/- रुपये प्रतिमाह

कार्य स्थान: दिल्ली

रिपोर्टिंग अधिकारी: मुख्य मीडिया / संयुक्त सचिव (एस एन ए)।

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **5-Jun-2020** तक rch.recruitment@gmail.com पर केवल ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।